# कर्नाटक में भाजपा की कमान येदियुरप्पा के ही हाथ में रह सकती है

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शीर्ष नेतृत्व कर्नाटक में विजयेंद्र येदियुरप्पा को ही प्रदेश अध्यक्ष पद पर बनाए रख सकता है। इससे साफ है कि दक्षिण भारत में भाजपा के इस मजबूत गढ़ में दिग्गज लिंगायत नेता बी.एस. येदियुरप्पा का दबदबा अब भी कायम है। यह चर्चा भाजपा के राष्ट्रीय प्रमुख नितिन नवीन के कर्नाटक दौरे के बाद शुरू हुई है। हाल ही में हुए दो विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस से मिली हार के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि राज्य भाजपा संगठन में कोई बड़ा बदलाव हो सकता है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा आलाकमान का मानना है कि कर्नाटक में फिलहाल नेतृत्व बदलना ठीक नहीं होगा। खासकर तब, जब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। इस कदम से पार्टी आलाकमान ने यह संदेश भी दे दिया है कि राज्य ईकाई में चल रही अंदरूनी खींचतान के बावजूद वह येदियुरप्पा खेमे को कमजोर नहीं करना चाहता। कर्नाटक की राजनीति में लिंगायत समुदाय का बहुत बड़ा प्रभाव है और इस समुदाय पर श्री येदियुरप्पा की पकड़ को देखते हुए भाजपा नेतृत्व नेतृत्व में बदलाव का कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।

# देश में एलपीजी उत्पादन प्रतिदिन 50 हजार टन पहुंचा: सरकार

## भारत अपनी जरूरत का 40 प्रतिशत कच्चा तेल, 90 प्रतिशत एलपीजी और 65 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश में ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटी सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी का उत्पादन प्रतिदिन 50 हजार टन तक पहुंच गया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए सोमवार को यहां आयोजित अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों ने कहा कि सरकार स्थिति से निपटने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि इस संकट के कारण ऊर्जा उत्पादों का आयात प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत का 40 प्रतिशत कच्चा तेल, 90 प्रतिशत एलपीजी और 65 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद से देश में उत्पादन बढाये जाने की दिशा में काम किया जा रहा है और अब देश में एलपीजी का उत्पादन हर रोज 50 हजार टन के आंकड़े को छू रहा है।




हड़बड़ी में की जा रही खरीद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में इस तरह के मामले सामने आये हैं और इसका कारण कृषि क्षेत्र में बढती मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ वीडियो कांफ्रेन्स के जरिये बातचीत की गयी है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों के दौरान लगभग लगभग 1.72 करोड़ एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। वितरण कंपनियों ने पांच किलोग्राम वाले सिलेंडरों के लिए लगभग 15,400 जागरूकता शिविर आयोजित किए और 3 अप्रैल से इन शिविरों के दौरान 2.45 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे गये हैं।

मार्च से अब तक लगभग 7.99 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं और अतिरिक्त 2.87 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे कुल कनेक्शनों की संख्या बढ़कर 10.86 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर रोक लगाने के लिए पूरे देश में कार्रवाई जारी है। पिछले चार दिनों के दौरान देश में 6480 से ज़्यादा जगहों पर छापे मारे गए, 680 से ज़्यादा सिलेंडर ज़ब्त किए गए, 11 प्राथमिकी दर्ज की गई और एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया। गैस वितरण एजेन्सियों के अधिकारियों द्वारा अचानक किए जाने वाले निरीक्षण भी जारी हैं और पिछले 4 दिनों के दौरान, 4100 से ज़्यादा जगहों पर निरीक्षण किए गए हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय की ओर से बताया गया कि देश में उर्वरकों के स्टॉक की स्थिति संतोषजनक है और उपलब्धता लगातार आवश्यकता से अधिक बनी हुई है।

# गुलमर्ग के गंडोला में आई तकनीकी खराबी के कारण फंसे सैकड़ों सैलानियों को बचाया गया

**सतीश वर्मा**

**श्रीनगर/जम्मू, मेट्रो मीडिया।** आज दोपहर बाद उत्तरी कश्मीर के विश्व विख्यात गुलमर्ग पर्यटन स्थल पर गंडोला में सवार करीब 300 सैलानियों की सांसे उस वक्त थम गई, जब गंडोला में कोई बड़ी तकनीकी खराबी आ गई। उस समय केबल कार में सवार कमोबेश तमाम चीखते-चिल्लाते हवा में लटके मदद की गुहार लगाते रहे। स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस को जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ, एनडीआरएफ तथा सेना को इसी अचानक बड़ी मुसीबत से रेस्क्यू करने के लिए बुलाया गया।



रक्षा मंत्रालय के जम्मू स्थित प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील भर्थवाल की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक यह घटना तब अचानक पेश आई जब केबल कार यानी गंडोला बीएसई स्टेशन और फेस 1 कोंगडोरी के मध्य थी। कहा गया कि इस घटना की जानकारी मिलते ही सेना की विभिन्न स्पेशलाइज्ड टीमों को रेस्क्यू काम में लगाया गया। जिसमें 'ऑल टेरेन व्हीकल' का भी इस्तेमाल हुआ। एक बेहद चुनौती पूर्ण टेरेन तथा खराब मौसम के बीच यह चुनौती पूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन था। जिसे अंजाम दिया गया।

बताया गया कि इस ऑपरेशन में सेना के साथ एसडीआरएफ, एनडीआरएफ,राज्य पुलिस के अलावा अन्य नागरिक एजेंसीज ने भी अपनी -अपनी भूमिकाएं निभाई। सेना के मुताबिक इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मेजर जनरल

■ देवदूत की भांति सेना की विभिन्न 'स्पेशलाइज्ड टीमों' के साथ एसडीआरएफ ने भी निभाई अग्रणी भूमिका।

मनोज जोशी, जीओसी19 इन्फैंट्री डिवीजन की ओर से अपडेट दिए गए। पंक्तियां लिखे जाने तक 184 सैलानियों को रेस्क्यू कर लिया गया था जबकि शेष को रेस्क्यू करने हेतु ऑपरेशन जारी था।

काबिले गौर है कि भारतीय सेना न केवल निरंतर सरहदों की सुरक्षा, आतंकवाद के मोर्चे पर जारी लड़ाई के अलावा ऐसी चुनौतीपूर्ण प्राकृतिक आपदाओं में किसी देवदूत की तरह अपनी भूमिका का निर्वहन करती रहती है।

# तृणकूल कांग्रेस महासचिव के घर पहुंची कोलकाता पुलिस

**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता पुलिस की एक टीम सोमवार को दक्षिण कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आवास पहुंची और वहां से सुरक्षा स्कैनिंग प्रणाली से जुड़ा एक एलईडी टेलीविजन मॉनिटर अपने साथ ले गयी। पुलिसकर्मी पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के आवास 'शांति निकेतन' पहुंचे थे।

पुलिस टीम में वर्दीधारी पुलिसकर्मियों के साथ-साथ सादे कपड़ों में भी जवान शामिल थे। इसके कुछ ही देर बाद श्री अभिषेक बनर्जी के दरवाजे पर मौजूद पुलिस टीम के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे।

# नितेश राणे की 'वर्चुअल कुर्बानी' वाली टिप्पणी पर विवाद शुरू

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) से पहले यह सुझाव देकर एक विवाद खड़ा कर दिया है कि मुसलमानों को इस अवसर पर पारंपरिक पशु बलि या कुर्बानी देने के बजाय आभासी (वर्चुअल) रूप से यह त्योहार मनाना चाहिये।

राणे ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान हिंदू त्योहारों के दौरान जारी की जाने वाली पर्यावरण संबंधी सलाहों और ईद-उल-अजहा के दौरान निभाई जाने वाली रस्मों के बीच तुलना की। होली और दिवाली के त्योहारों का जिक्र करते हुए उन्होंनेकहा कि हिंदुओं से अक्सर धुएं, रासायनिक



और ध्वनि प्रदूषण से बचने के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर त्योहार मनाने का आग्रह किया जाता है। राणे ने रोशनी और ई-पटाखों के अलावा होली वर्चुअल रंगों से खेलने के मुद्दे पर बोलते हुये कहा, हमारे होली के त्योहार में कहा जाता है कि होली पर्यावरण के अनुसार मनाई जानी चाहिये, सूखी होली मनायें। दिवाली के जश्न में वे कहते हैं कि पटाखे मत फोड़ो।

## एक नजर

### उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा है बदलाव: बागला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने कहा, मैं देश में इस बदलाव को साफ तौर पर होते देख रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा था कि यह पूरी लड़ाई मानसिकता को बदलने की है, और आज उद्यमिता देश के विकास के केंद्र बिंदु में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन मिशन, अटल टिंकरिंग लैब्स और स्टार्टअप इंडिया जैसे प्रमुख कार्यक्रमों की शुरुआत देश में एक ऐसे प्रगतिशील समाज की नींव रखने के लिए की गई थी।

# मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम बार-बार बढ़ाकर जनता को लूट रही है: सिद्दारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को ईंधन की बढ़ रही कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की दरों में बार-बार की जा रही बढ़ोतरी आम नागरिकों को 'लूट' रही है और महंगाई बढ़ा रही है। सिद्दारमैया ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में ईंधन की कीमतों में बार-बार किये गये संशोधन ने वेतनभोगी कर्मचारियों, किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर सभी क्षेत्रों, विशेषकर परिवहन और आवश्यक वस्तुओं पर महसूस किया जा रहा है।



सिद्दारमैया ने एक बयान में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार 'देश को लूट रहे हैं', 'आम जनता को लूट रहे हैं।मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कम समय में कीमतों में बार-बार किये गये संशोधनों ने बढ़ती महंगाई और जीवन यापन की लागत को और बढ़ा दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण परिवहन लागत बढ़ गयी है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग महंगाई का सबसे अधिक बोझ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार की मूल्य निर्धारण नीति ने आम नागरिकों के लिए निरंतर कठिनाइयां पैदा की हैं।

सिद्दारमैया ने ईंधन की मौजूदा कीमतों के स्तर की तुलना पिछले समय से भी की और कहा कि पिछली सरकारों में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की दरें तुलनात्मक रूप से कम थीं। उन्होंने दावा किया कि हालिया बढ़ोतरी ने घरेलू खर्चों में भारी वृद्धि की है। ये टिप्पणियां महंगाई और आर्थिक नीति को लेकर कर्नाटक सरकार और केंद्र के बीच जारी राजनीतिक खींचतान के बीच आयी हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस बयान का उद्देश्य जीवन यापन की बढ़ती लागत और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर जनता की चिंताओं को उजागर करना था।

# पूर्व सांसद मजीठा साथियों सहित 'आप' में शामिल

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब की राजनीति में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब पूर्व राज्यसभा सांसद राजमहिंदर सिंह मजीठा ने अपने समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया।

इससे शिरोमणि अकाली दल को बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राजमहिंदर सिंह मजीठा और उनके साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न वर्गों के लोग लगातार आप से जुड़ रहे हैं।

# रेवंत ने 8,000 'आईजीएसएस भवनों' की वर्चुअली आधारशिला रखी

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को सचिवालय से पूरे राज्य में 8,000 'इंदिरा गांधी स्त्री शक्ति (आईजीएसएस) भवनों' की वर्चुअल आधारशिला रखी। रेड्डी ने 'महिला सप्ताह' समारोहों के दौरान 'प्रजा पालना' और 'प्रगति प्रणालिका' कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक साथ 8,000 भवनों का शुभारंभ देश में अपनी तरह की पहली पहल है। उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।


**UDDHAV PROPERTIES LIMITED**
CIN –L70101DL1982PLC01424
Regd. Office: 19, Community Centre, First Floor, East of Kailash, New Delhi-110065
E -mail: uddhavproperties@gmail.com Website: www.uddhavpropertiesltd.com, Tel. no: 011-41326013
Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2026
(Figures Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Audited 31.03.2026 | Unaudited 31.12.2025 | Audited 31.03.2025 | Audited 31.03.2026 | Audited 31.03.2025 |
| Total income from operations (net) | 1.89 | 1.31 | 1.96 | 5.80 | 5.91 |
| Net Profit for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 0.64 | 0.01 | (0.17) | 0.78 | 0.78 |
| Net Profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 0.64 | 0.01 | (0.17) | 0.78 | 0.78 |
| Net Profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 0.32 | 0.01 | (0.37) | 0.46 | 0.58 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 0.32 | 0.01 | (0.37) | 0.46 | 0.58 |
| Equity Share Capital | 141 | 141 | 141 | 141 | 141 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | (12.51) | (12.97) |
| Earnings Per Share (Face value of Rs. 10/- each) | | | | | |
| Basic : | 0.02 | 0.00 | (0.02) | 0.03 | 0.04 |
| Diluted: | 0.02 | 0.00 | (0.02) | 0.03 | 0.04 |

Notes : 1. The above Financial results were reviewed by the Audit committee and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 25th May,2026.
2. The above is an extract of the detailed Financial Results filled with the Stock Exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format of the Quarterly and Annual Financial Result are available on Company's website at www.uddhavpropertiesltd.com and also on the Stock Exchange website i.e. www.msei.in
3. Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification.

Place : New Delhi
Date: 25th May, 2026

By order of the Board
For Uddhav Properties Ltd.
Sd/-
G.S. Poddar
Director (DIN: 00917730)



**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2026–2027 दिनांक 21.04.2026
ii) निविदा संख्या 08260001A 04.06.2026 को देय है।
1. उपर्युक्त टेंडर के संदर्भ में, अंतिम तिथि 25.05.2026 से बढ़ाकर 04.06.2026 कर दी गई है।
2. उपर्युक्त टेंडर के संदर्भ में, पात्रता मानदंड संशोधित कर दिए गए हैं।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1769/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Nidhi Services Limited**
Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi – 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216
CIN : L65999DL1984PLC018077
E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com

AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026

Pursuant to Regulation 33 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, based on the recommendations of the Audit Committee, the Board of Directors of Nidhi Services Limited ('the Company') at its meeting held on 25th May, 2026 has approved the Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2026 along with Audit report issued by the Statutory Auditors of the Company.

The aforementioned financial results along with the audit report of the Statutory Auditors thereon are available on www.nidhiservicesltd.com and the said financial results can also be accessed by scanning a Quick Response (QR) code given below:

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

Place: Delhi
Date: 25th May, 2026



**MFL INDIA LIMITED**
Regd. Office: P-56, P Block, Pandav Nagar, Mayur Vihar Phase -1, East Delhi-110091
(CIN: L63040DL1981PLC012730) Website: www.mflindia.co.in Contact No +91-011-41425137
EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31ST, 2026
(In Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended March 31, 2026 | Quarter Ended December 31, 2025 | Quarter Ended March 31, 2025 | Year Ended March 31, 2026 | Year Ended March 31, 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 1831.13 | 1783.19 | 5275.44 | 6611.70 | 5275.44 |
| Total Expenses | 1831.86 | 1771.42 | 5257.73 | 6799.89 | 5257.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items) | -0.72 | 11.77 | 17.70 | -188.19 | 17.70 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | -0.72 | 11.77 | 17.70 | -188.19 | 17.70 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | -39.93 | 76.48 | -82.71 | 157.57 | -82.71 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -39.93 | 76.48 | -82.71 | 157.57 | -82.71 |
| Equity Share Capital | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | |
| 1. Basic (Rs.) | -0.01 | 0.02 | -0.02 | 0.04 | -0.02 |
| 2. Diluted (Rs.) | -0.01 | 0.02 | -0.02 | 0.04 | -0.02 |

Note:
1. The above Audited Financial Results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their Meeting held on May 25, 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarter and year ended Financial Results Filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and year ended financial results are available on the website of the Stock Exchange i.e. www.bseindia.com and of the Company website i.e. www.mflindia.co.in.

Scan the QR for detailed financial results

Place : New Delhi
Date: 25.05.2026

For MFL India Limited
Sd/-
Anil Thukral
(Director)
DIN: 01168540



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**
महत्वपूर्ण जानकारी
**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगीः-

**02563/02564 बरौनी जं.-नई दिल्ली-बरौनी जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 90 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02563 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02563 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02564 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02564 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:40 | बरौनी जं. | 15:10 | --- |
| 05:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 17:55 |

**चलने के दिनः 02563 बरौनी जं. से** दिनांक 01.06.2026 से 15.07.2026 तक (प्रतिदिन) और **02564 नई दिल्ली** से दिनांक 02.06.2026 से 16.07.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थानः** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।

**02569/02570 दरभंगा जं.-नई दिल्ली-दरभंगा जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 90 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02569 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02569 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02570 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02570 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | दरभंगा जं. | 10:00 | --- |
| 04:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 12:15 |

**चलने के दिनः 02569 दरभंगा जं. से** दिनांक 01.06.2026 से 15.07.2026 तक (प्रतिदिन) और **02570 नई दिल्ली** से दिनांक 02.06.2026 से 16.07.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थानः** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।

**03311/03312 धनबाद जं.-चण्डीगढ़-धनबाद जं. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 28 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03311 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03311 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03312 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03312 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | धनबाद जं. | 11:00 | --- |
| 04:30 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 05:40 |

**चलने के दिनः 03311 धनबाद जं. से** दिनांक 12.07.2026 तक (रविवार एवं बृहस्पतिवार को) और **03312 चण्डीगढ़** से दिनांक 14.07.2026 तक (मंगलवार एवं शनिवार को)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा जं., गया जं., सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत जं. एवं अम्बाला कैंट स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें
1764/26
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ